



## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री बने जैन

▶ आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाई



**रतलाम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दायित्व पर युवा नेतृत्व विप्लव जैन के मनोनयन की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस गौरवपूर्ण अवसर पर न्यू रोड स्थित कार्यालय पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की।

कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विप्लव जैन का मनोनयन रतलाम जिले के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक समर्पित, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता पर विश्वास व्यक्त करने के लिए भाजपा संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व आभार व्यक्त किया

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री राजेन्द्र पाटीदार, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाटीदार (हॉस्टल), युवा मोर्चा जिला महामंत्री रविन्द्र पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष जलज सांखला, यादवेंद्र सिंह, सिद्धार्थ कटारिया, जिला मंत्री संजय पांचाल, राहुल जाधव, शुभम चौहान, राहुल पाटीदार, जिला कार्यालय मंत्री सत्यजीत राजावत, शिवम् मूणत, प्रतीक विजयवर्गीय, मंडल अध्यक्ष राहुल रांका, आयुष पढ़ियार, जयेश जाजोरिया, दीप सिंह देवड़ा, चिराग असरानी, संदीप पोरवाल, गौरव टांक, तेजस्व गांधी, लक्ष्य लालवानी, केशव सिंह, लवीश अग्रवाल, चेतन, राजू चौधरी, गजेंद्र पडियार, दिनेश गुर्जर, पुनीत भंडारी, सौरभ चपरोत, विनीत, महावीर भरगट, विवेक, अंकित एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत से गायब अश्वगंधा का पुलिस ने खोला राज

▶ दो आरोपियों सहित 2 क्विंटल माल और बोलेरो पिकअप वाहन जब्त





**नवभारत न्यूज**

**नामली।** थाना नामली पुलिस ने अश्वगंधा चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं एसडीओपी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गायत्री सोनी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार फरियादी मुकेश पिता भेरूलाल हाड़ा (45) निवासी ग्राम पंचेड ने 31 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी कृषि भूमि नामली-पंचेड रोड पर स्थित है, जहां उसने करीब 20 बीघा में अश्वगंधा की फसल बोई थी। कटाई के बाद फसल को तिरपाल पर सुखाने के लिए रखा गया था। 28 मार्च की रात अज्ञात बदमाश करीब 2 क्विंटल अश्वगंधा चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना नामली में अपराध क्रमांक 104/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया व आरोपी गण की पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछताछ की गई। आरोपी की निशादेही से अश्वगंधा व घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा बोलेरो पीकअप जब्त की।

**गिरफ्तारी और बरामदगी:** जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी विशाल (19) निवासी पंचेड व विजय (21) निवासी खोखरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया करीब 2 क्विंटल अश्वगंधा एवं घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 06-जीए -2133) जब्त की गई। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 2.90 लाख रुपए आंकी गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**फरार आरोपी की तलाश जारी:** प्रकरण में एक अन्य आरोपी संजय निवासी पंचेड अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**पुलिस टीम को पुरस्कार**

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गायत्री सोनी सहित सउनि हीरालाल चंदन, प्रधान आरक्षक नारायण सिंह जादौन, दिलीप रावत, नवीन पटेल, मनीष यादव, गोपाल खराड़ी, माखन सिंह एवं राघवेंद्र जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की गई है।

### एक नजर में

## रतलाम रेलवे मंडल में पेंशन अदालत 15 जून को, लोग 30 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशन या परिवार पेंशन मिलने में किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए 15 जून, 2026 दिन सोमवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रेल कर्मचारी जो रतलाम मंडल पर कार्यरत थे और सेवानिवृत्त होकर पेंशन प्राप्त कर रहे हैं या उनके आश्रित पेंशन प्राप्त कर रहे हैं तथा उनके पेंशन में किसी प्रकार की विसंगति है तो उसका निराकरण करने के लिए 15 जून, 2026, सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रतलाम द्वारा पेंशल अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस पेंशन अदालत में पेंशन से संबंधित शिकायतें जैसे-पेंशन समय पर नहीं मिलना, पेंशन की राशि घटा/बढ़ा कर दिया जाना, पेंशन किसी कारणवश बंद हो जाना, पेंशन में किसी प्रकार की कटोत्रा किया जाना आदि का निराकरण किया जाएगा। पेंशन अदालत में नीतिगत मामलों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामले जो पेंशन अदालत से संबंधित नहीं है जैसे- अनुकंपा नियुक्ति, जन्म दिनांक में संशोधन, सेवा के दौरान चयन/उपयुक्तता परीक्षा में अयोग्यता, सेवा के दौरान डीएआर नियमों के तहत लगाये गये दंड, न्यायालय में विचाराधीन मामले आदि ।जिन पेंशन उपभोक्ताओं को अपनी पेंशन संबंधी शिकायतों का निराकरण पेंशन अदालत के दौरान करवानी है वो 30 अप्रैल 2026 तक अपना लिखित आवेदन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी(पेंशन अदालत जून 2026), स्थापना/निपटारा अनुभाग, दूसरी मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दो बत्ती चौराहा, रतलाम पर भेज सकते हैं ताकि शिकायतों को शीघ्रता के साथ निपटारा किया जा सके। पेंशन भोगी अपनी शिकायत केवल व्यक्तिगत रूप से या परिवार के सदस्य के माध्यम से ही प्रस्तुत कर सकते हैं। यद्यपि अशिक्षित पेंशन भोगी, विधवा या नाबालिग के मामले में, जिनके लिए पेंशन अदालत के समक्ष अपने मामलों को प्रभावी ढंग से तैयार करना और प्रस्तुत करना संभव नहीं हो सकता है, ऐसे मामलों में अगर वे चाहें तो प्रशासन से सहायता ले सकते हैं। शिकायतों के निराकरण हेतु शिकायतकर्ता अपने साथ सभी आवश्यक कागजात लेकर 15 जून, 2026 दिन सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित एनेक्सी हॉल में प्रातः 11.00 बजे तक उपस्थित होना पड़ेगा ।

## चौरड़िया ने मंदिरों में भेंट किए जाजम-आसन



**जावरा।** शहर के धर्मप्रेमी, समाजसेवी और मूक बधिरों के प्रति दया की भावना रखने वाले लाला चौरडिया ( जयेश भाई ) ने हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर एक जाजम के साथ पांच आसन भेंट किए। बता दें कि लाला चौरडिया समय- समय पर जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहते हैं। धार्मिक प्रवृत्ति के श्री चौरडिया द्वारा पिछले साल नगर के विभिन्न हनुमान मंदिर में पीतल से निर्मित दीपक रखने के पिसोल ( स्टैंड ) प्रदान किए गए थे। इस बार उन्होंने रावण द्वार स्थित रणजीत हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर बोर्डिआकुआ, अकेला हनुमान मंदिर शुगर मिल परिसर व भीमाखेडी गांव में स्थित हनुमान मंदिर पर बुधवार को एक-एक जाजम व पांच-पांच आसन भेंटकर धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर कई हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

## ईमानदारी आज भी कायम, केटरिंग कर्मचारी ने घर जाकर लौटाई सोने की चेन

**जावरा।** आज के दौर में जहां धोखे ओर बढ़ते विश्वासघात के प्रचलन में भी ईमानदारी कहीं न कहीं दिलो में कायम है। एक वाक्या गुरुवार को अम्बिका रिसोर्ट में गोखरू परिवार के मुंडन संस्कार में देखने को मिला। शैलेन्द्र गोखरू के परिवार के किसी सदस्य की सोने की चेन गुम हो गयी थी, काफी तलाश करने के बाद भी नही मिली तो उन्होंने आशा छोड दी थी कि जो गुम हों गई उसका मिलना मुश्किल है। लेकिन जब यह चेन हैप्पी केटरिंग में कार्यरत कर्मचारी को मिली तो उन्होंने तत्काल ईमानदारी का परिचय देते हुए उनके सेठ संस्कार ओस्तवाल, हैप्पी केटरिंग को अवगत कराया और उन्होंने जानकारी निकाली की किस की चेन गुम हुई। आज उन्होंने अपने पिताजी दिनेश ओस्तवाल एवं अम्बिका रिसोर्ट के प्रो.आशीष सुराणा के साथ गोखरू के निवास स्थान पर जाकर चेन वापस लौटाई। चेन मिलते ही परिवार के चेहरे पर मुस्कुराहट छा गयी और शैलेंद्र गोखरू की माताजी ने संस्कार ओस्तवाल हैप्पी केटरिंग को खूब आशीर्वाद दिया ओर उनकी टीम की ईमान दारी की तारीफ करते हुए खूबअनुमोदना व्यक्त की।

## मेगा इंडस्ट्रियल पार्क निवेश क्षेत्र का विरोध



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के पलसोड़ी, बिबड़ोद, जुलवानिया, जामथून और रामपुरिया ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित मेगा इंडस्ट्रियल पार्क (निवेश क्षेत्र) को लेकर विरोध तेज हो गया है। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और कलेक्टर मिशा सिंह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

विधायक डोडियार ने अपने पत्र में बताया कि प्रभावित ग्रामीणों, विशेषकर आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ ग्राम पलसोड़ी में ग्रीड के पास शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन जारी है। उन्होंने कहा कि यह परिवार पीढ़ियों से इस भूमि पर निवास कर रहे हैं और उनकी आजीविका पूरी तरह इसी पर निर्भर है, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें अतिक्रमणकारी बताया जा रहा है।

विधायक ने बिना उचित सुनवाई और पुनर्वास के किसी भी प्रकार की बेदखली को असंवैधानिक और अमानवीय बताया है। उन्होंने प्रशासन से मेगा इंडस्ट्रियल पार्क की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

साथ ही पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में धरना स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई है। वहीं कलेक्टर को भेजे गए पत्र में भी इसी विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए आदिवासी हित, पर्यावरणीय प्रभाव और सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने की अपील की गई है।

## निरीक्षण दलों का गठन

**रतलाम।** जिले में निजी विद्यालयों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा निरीक्षण दलो का गठन किया गया है । सत्र प्रारंभ में अशासकीय विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों द्वारा क्रय की जाने वाली पुस्तके, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, शूज इत्यादि किसी विशेष दुकान अथवा विद्यालय से क्रय किए जाने हेतु बाध्य किए जाने के संबंध में गठित दलों द्वारा सतत भ्रमण कर निगरानी रखी जायेगी।

शिकायत प्राप्त होने पर दल द्वारा जांच की गाएगी। जांच में दोषी पाये जाने पर विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तरीय दल में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक शिक्षा, जिला परियोजना समन्वयक को शामिल किया गया है । जिला स्तरीय दल द्वारा संपूर्ण जिले के विद्यालय एवं दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा। विकासखंड रतलाम, जावरा, पिपलोदा, आलोट, सैलाना, बाजना में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संबंधित संकुल प्राचार्य एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र को दल मे सदस्य बनाया गया है ।दल द्वारा विद्यालयों एवं दुकानों का सतत निरीक्षण एवं जांच की जाएगी। बी ई ओ एवं बी आर सी संकुल प्राचार्य के साथ संयुक्त रूप से उनके संकुलाधीन समस्त अशासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर पाठ्यपुस्तक विक्रेताओं, गणवेश विक्रेताओं की दुकानो का निरीक्षण कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

## अग्रवाल युवा संगठन के पंकज मित्तल अध्यक्ष, आशीष मित्तल बने सचिव





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अग्रवाल युवा संगठन के निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। यह निर्वाचन संस्था के संरक्षक बाबूलाल (नासका वाले), महेश गोयल एवं प्रमोद बिंदल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। निर्वाचन के पश्चात नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें पंकज मित्तल (इफ्का) को अध्यक्ष, आशीष मित्तल (एम.आर.) को सचिव, हेमंत कागदी व भावेश गर्ग को उपाध्यक्ष, दर्शिक अग्रवाल (नेमानी) व दीपक अग्रवाल को सह सचिव, अंकित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और माणक अग्रवाल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने अपने दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज मित्तल ने अपने संबोधन में संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाते हुए समाज में जागरूकता लाने एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में निवर्तमान सचिव अंकित अग्रवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील गोयल, मयूर अग्रवाल, सुनील नेमानी, प्रवीण नेमानी, चिंटू अग्रवाल (मारवाड़ी), विवेक अग्रवाल, रवी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल (मंडी), जितेन्द्र मंगल, आशीष कागला, शलभ अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, कमल अग्रवाल, यश अग्रवाल, महेश मित्तल, राजेश अग्रवाल एवं सौरभ नेमानी सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मोहलिया हनुमान मंदिर में दिनभर लगी रही कतारें



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर में स्थित प्राचीन मोहलिया हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस पावन अवसर को लेकर मंदिर परिसर में एक दिन पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ हो गई थीं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया।

गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आगमन शुरू हो गया था। भक्तों ने भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर मंदिर में पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता निभाई।

इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा और पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' व 'हनुमान जी की जय' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अशोक चंडालिया, कारू लाल ग्वाले, नंदलाल बैरागी, पंकज राठौड़, मनीष चंदेल, जीवन चंदेल, लक्ष्मीनारायण लक्ष्कार, कांतिलाल कुमावत, पीयूष शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## ऑफिसर्स कॉलोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया

रतलाम। ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर पर सौंदर्य विद्युत सजावट कर तथा हनुमान जी को चोंला चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।प्रात:पंडित राजेंद्र उपाध्याय पंडित रवि मेहता पंडित शुभ पाठक के वैदिक मंत्रोचार के साथ ट्रस्टी सुनील मेहता ने परिवार सहित एवं श्रद्धालुओं ने हवन,पूजा की।सांयकाल पंडित रवि मेहता एवं पंडित शूभ पाठक के हनुमान चालीसा के पाठ के साथ महाआरती कर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया,तथा बूंदी एवं मीठी छांछ वितरित की गई।इसअवसर पर समाजसेवी प्रकाश चंद्र व्यास, व्यवस्थापक सुनील राठौर,शांतिलाल मालवीय, अशोक सोमानी, उषा भार्गव,भरत सांखला, दिनेश परमार, महेश,सिद्धार्थ जोशी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## 13 कर्मचारी गैरहाजिर मिले, वेतन काटा

**रतलाम।** सफाई व्यवस्था की जांच में गुरुवार को 13 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। सभी का एक दिन का वेतन काटने के साथ कारण नोटिस जारी किया है। इनमें वार्ड 10 के पांच, वार्ड 45 के दो तथा वार्ड 31, 32, 15, 17 व 47 का एक-एक कर्मचारी शामिल है। इसके अलावा नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने बरबड़ हनुमान मेला परिसर के साथ राजस्व नगर, एमएलबी स्कूल के सामने, नजरबाग क्षेत्र, नित्यानंद आश्रम, बोहरा बाखल क्षेत्र के साथ मौलाना आजाद नाले की सफाई की।

एक नजर में ▶ समाजसेवी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से हुआ जनसेवा कार्य

## 'अमृत पेय' काढ़ा और सकोरे बांटे, राहगीरों ने लिया लाभ





**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भारत विकास परिषद एवं श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में शहर में दो स्थानों पर नि:शुल्क 'अमृत पेय' (आयुर्वेदिक काढ़ा) और पक्षियों के लिए सकोरा वितरण का सेवा कार्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम चौपाटी क्षेत्र स्थित गौतम टेंट हाउस (बस स्टैंड के सामने) और घंटाघर चौराहा पर संपन्न हुआ, जहां सैकड़ों लोगों ने आयुर्वेदिक काढ़ा का सेवन कर स्वास्थ्य लाभ लिया तथा पक्षियों के लिए सकोरे लेकर गए।

काढ़ा बनाने के लिए राजस्थान के वेदराज लोकपाल सिंह द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से विधि-विधानपूर्वक अमृत पेय तैयार किया गया, जिसे दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा राहगीरों को वितरित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर एवं श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति के अध्यक्ष अभय सुराणा ने संयुक्त रूप से अतिथि का स्वागत कर सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष निलेश जोशी एवं पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी ने माल्यार्पण किया, वहीं आनंदीलाल संघवी ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष में संस्था द्वारा पक्षियों के दाना पानी के लिए नि:शुल्क सकोरो का वितरण किया जा रहा है। गोपाल सेठिया राजकुमार हरण डॉ. सी.एम. मेहता नेमीचंद जैन द्वारा शॉल व मोतियों की माला से आयुर्वेदाचार्य का सम्मान किया गया। संचालन परिषद के सचिव गोपाल सेठिया ने किया तथा आभार समिति सचिव राजकुमार हरण ने माना।

**ये लोग रहे मौजूद...**

आनंदीलाल संघवी, नेमीचंद जैन, अनिल धारीवाल, नरेंद्र संघवी, प्रकाश संघवी, देवेंद्र धारीवाल, सुनील पोखरना, श्रेणिक चौहान, वैभव रांका, मनीष त्रिवेदी, नितेश धनोतिया, भूपेंद्र सक्सेना, निलेश दसेड़ा, विजय अरोड़ा, निलेश मेहता, शिवम सोलंकी, एडवोकेट वरुण श्रोत्रिय, श्रेणिक सकलेचा, प्रकाश बारोड़, अभय श्रीमाल, मोतीलाल चपड़ोद, पुष्पेंद्र गंगवाल, वैभव रांका, राहुल जैन सहित दोनों संस्थाओं के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकारगण सत्यनारायण व्यास पिता श्री गोविन्दजी व्यास निवासी - पलसोड़ा तह व जिला रतलाम व विजय नागदिया पिता श्री बद्रीलालजी नागदिया निवासी ग्राम उसरगार तह व जिला रतलाम म.प्र. से प्राप्त प्रतिबोधन एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को इस जाहीर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ध्रुव पिता राजेश कुमार जी चौपड़ा निवासी 2 शिवपुर कम्पाउण्ड डॉ राजेन्द्रप्रसाद मार्ग रतलाम जिला रतलाम के मालकी एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम नामली तह व जिला रतलाम मे स्थित होकर जिसका सर्वे कमांक 673/4/1 रकबा 0.720 हैक्टर मेसे रकबा 0.360 हैक्टर एवं सर्वे क्रमांक 673/4/1/1/1 मेसे रकबा साढे छः बीस्वा कुल दो बीघा ढाई बीस्वा भूमि को कय करने का अनुबंध पत्र संपादित किया गया है व उपरोक्त भूमि के विकय प्रतिफल कि बयाना राशी भी मेरे पक्षकारगण ने ध्रुव पिता राजेश कुमार जी चौपड़ा को अदा कर दी है व उक्त कयशुदा भूमि का विक्रेता द्वारा विधिवत् सीमांकन करवाकर शेष प्रतिफल की राशी प्राप्त कर विक्रय पत्र संपादित करवाया जाना अनुबंध अनसार तय कय किया गया है किन्तु विक्रेता द्वारा विकय की गई भूमि का अनुबंध दिनांक 09.09.24 से आज दिनांक तक भी उक्त विक्रय की गई भूमि का विधिवत् शासकीय सीमांकन नहीं करवाया गया है और ना ही उक्त भूमि का विकय पंजीयन संपादित करवाए जाने मे कोई रूची दिखाई जा रही है, चूँकि उक्त वर्णीत भूमि को मेरे पक्षकारगण ने ध्रुव चौपड़ा पिता राजेश कुमार जी चौपड़ा से कय करने का अनुबंध पत्र संपादित किया है जो प्रचलन मे होकर उक्त भूमि का विकय पंजीयन करवाया जाना शेष है जो मेरे पक्षकारगण विक्रेता ध्रुव चौपड़ा को शेष प्रतिफल की राशी अदा कर विकय पंजीयन संपादित करवाए जाने को तत्पर है जिस कारण उपरोक्त विकयशुदा कृषि भूमियो के संबंध मे मेरे पक्षकार की अनुमती व सहमती के बिना ध्रुव चौपड़ा पिता राजेश कुमार जी चौपड़ा से उपरोक्त भूमि के कय-विक्रय बय- बक्षीस रहन गिरवी इत्यादि के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैक इत्यादि ध्रुव चौपड़ा पिता राजेश कुमार जी चौपड़ा से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार नही करे अन्यथा उक्त कय शुदा भूमियो के संबंध मे किए जाने वाला कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नही होगा व संबंधित के विरूद्ध मेरे पक्षकारगण वैधानिक कार्यवाही प्रस्तुत करेगे जिसके लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार रहेगें। सूचित हो ।

दिनांक - 01.04.2026

**आनंद बैरागी (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
कार्यालय - 5 एम जे काम्पलेक्स कोर्ट चौराह
जिला पंचायत के सामने रतलाम
मोबा. नं. - 96851-26810